प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे

प्रधानमंत्री – विश्व जल दिवस

आज विश्व जल दिवस है। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से पानी की हर बूंद के संरक्षण और उसके ज़िम्मेदार उपयोग को सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का आह्वान किया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पानी जीवन का आधार है और पृथ्वी के भविष्य को आकार देता है। प्रधानमंत्री ने सतत् विकास में लगे हुए, जागरूकता फैलाने और जल संरक्षण की संस्कृति को बढ़ावा देने वाले लोगों की सराहना भी की।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने अगले वित्त वर्ष के बजट में कटौती करने को लेकर राज्य सरकार की आलोचना की है। नाहन में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश के बजट में हर साल 3 से 4 हज़ार करोड़ रूपए की बढ़ोतरी होती रही है लेकिन हिमाचल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब बजट में कटौती की गई हो। बिंदल ने कहा कि इस कटौती का प्रदेश के विकास कार्यों पर सीधा असर पड़ेगा और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बजट में रोज़गार का कोई प्रावधान नहीं किया गया है और समाज के हर वर्ग के साथ धोखा हुआ है।

केवल सिंह पठानिया

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कल विधानसभा में प्रस्तुत अगले वित्त वर्ष के बजट को विकासोन्मुखी करार दिया है। उन्होंने कहा कि इस बजट से गांवों की आर्थिकी सुदृढ़ होगी और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। केवल सिंह पठानिया ने कहा कि अगले वित्त वर्ष के बजट में किसानों, बागवानों, युवाओं, और महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों को 3 सौ यूनिट मुफ्त बिजली और महिलाओं को 15 सौ रूपए देने का प्रावधान सराहनीय है।

सरकारी एलपीजी

केन्द्र सरकार ने राज्यों को व्यावसायिक एल.पी.जी. के लिए 20 प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन को मंजूरी दे दी है। इससे कुल आवंटन 50 प्रतिशत हो जाएगा। इसमें पी.एन.जी. के विस्तार के लिए सुधारों के आधार पर 10 प्रतिशत आवंटन भी शामिल है। इसमें रेस्तरां, ढाबे, होटल, औद्योगिक कैंटीन, डेयरी, रियायती कैंटीन और राज्य या स्थानीय निकायों द्वारा संचालित अन्य क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव, नीरज मित्तल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कहा है कि यह आवंटन सोमवार से लागू होगा। सभी व्यावसायिक और औद्योगिक एल.पी.जी. उपभोक्ताओं को तेल विपणन कंपनियों के साथ पंजीकरण कराना होगा। सरकार ने आश्वासन दिया है कि देश में पेट्रोल, डीजल या एल.पी.जी. की कोई कमी नहीं है और लोग घबराहट में खरीदारी न करें।

धर्मशाला पर्यटन

प्रदेश में इन दिनों सुहावने मौसम के चलते पर्यटकों की आवाजाही बढ़ गई है जो पिछले दिनों हुई बर्फबारी का लुत्फ उठा रहे हैं। धर्मशाला व इसके आसपास के क्षेत्रों में भी सैलानी बर्फ से ढकी पहाड़ियों को देखने का आनंद उठा रहे हैं। पर्यटकों का कहना है कि एक ओर जहां देश के मैदानी राज्यों में इन दिनों काफी गर्मी पड़ रही है वहीं हिमाचल में मौसम बेहद सुहावना है।